रीमेक फिल्म में करण जौहर के *भीष्म* **रणबीर कपूर** पेज 2



कोई फर्क नहीं पड़ता मुझे **पूजा चोपड़ा** पेज 3



टीवी की खबरें पेज 4

महाराष्ट्र sunday 3मंग

रविवार • 29 मार्च • 2020



अविश्वसनीय प्रदर्शन पर बॉलीवुड की उम्मीदें

■ अल्पना कांडपाल

पूरी दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर भयावना सन्नाटा छाया हुआ है। फिल्मों की शूटिंग तो टाल ही दी गई है, फिल्मों की रिलीज़ भी अनिश्चित काल तक टाल दी गई है। सिनेमाघर बंद हैं। पूरी दुनिया के सिनेमाघर हफ्तों के लिए बंद है। कुछ देशों में सिनेमाघर मई तक बंद कर दिए गए हैं। जिन देशों में कुछ हफ्ते की बंदी है, वहां भी आज के हालत देखते हुए, इन थिएटरों के मई से पहले खुलने की कोई संभावना नहीं। क्योंकि खबर आ रही है कि मई में रिलीज होने वाली फिल्म *ब्लैक विंडो* की रिलीज भी टाल दी जायेगी। हालांकि चीन में कुछ सिनेमाघरों को शुरू कर दिया गया है। लेकिन शेष विश्व इस समय भी कोरोना की मार झेल रहा है। हॉलीवुड की फिल्मों को भी 7 बिलियन डॉलर से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह नुकसान बढ़ कर 10 बिलियन डॉलर से ज्यादा हो सकता है।



भारत में सिनेमाघर बंद

भारत की फिल्म इंडस्ट्री भी इससे अछूती नहीं रही। एक के बाद एक राज्यों में सिनेमाघरों के बंद होने का सिलसिला शुरू हो गया। टीवी सीरियल और फिल्मों की शूटिंग भी बंद है। *राधे* और *ब्रह्मास्त्र* जैसी कुछ बड़ी फिल्मों की शूटिंग विदेश में हो रही थी। इन फिल्मों की यूनिट भी वापस आ चुकी है। इन फिल्मों के तमाम सितारे क्वेरेंटाइन में है। बॉलीवुड कोरोना का शिकार हो चुका है। *सूर्यवंशी* और *83* फिल्मों की रिलीज रोक दी गई है। इंडस्ट्री को हर महीने 400-500 करोड़ का नुकसान हो रहा है। इस समय भारत में जो स्थिति है, उससे इंडस्ट्री को वापस ट्रैक में आने में काफी समय लगेगा। अप्रैल तो बहुत दूर की कौड़ी है। मई में फिल्मी गतिविधियों का शुरू हो जाना बड़ी बात होगी।

अप्रैल में रिलीज होंगी फिल्में

मार्च में *सूर्यवंशी* (24 मार्च) तक सभी फिल्मों की रिलीज अनिश्चत काल तक के लिए रोक दी गई। अभी इस फिल्म की रिलीज की तारीख तय नहीं हो पाई है। मार्च में जो फिल्में रिलीज हुई थी, उनमें *बागी* और *इंग्लिश मीडियम* बढिया कारोबार कर रही थी। खबर है कि दोनों फिल्मों को फिर से प्रदर्शित किया जाएगा। अप्रैल में, *बबलू बैचलर, दरबान, लूटकेस, गुलाबो सिताबो, गुंजन सक्सेना- द कारिगल गर्ल, कोड नेम अब्दुल, लूडो* आदि फिल्में प्रदर्शित होने वाली थी। इनमें *गुलाबो सिताबो* अमिताभ बच्चन और आयुष्मान खुराना, *गुंजन सक्सेना* जाह्नवी कपूर, *लूडो* अभिषेक बच्चन, राजकुमार राव, फातिमा सना शैख, आदित्य रॉय कपूर, सान्या मल्होत्रा और पंकज त्रिपाठी की फिल्म थी। सभी फिल्में अब किसी दूसरी तारीखों में प्रदर्शित की जायेंगी।







क्या होगा अक्षय-सलमान टकराव

मई में प्रदर्शित होने वाली पहली फिल्म वरुण धवन और सारा अली खान अभिनीत और डेविड धवन निर्देशित फिल्म *कुली नंबर 1* थी। यह फिल्म डेविड धवन द्वारा निर्देशित 1995 में प्रदर्शित गोविंदा और करिश्मा कपूर की जोड़ी की इसी टाइटल वाली फिल्म की रीमेक है। परिणीति चोपड़ा पर दुर्भाग्य का साया नज़र आ रहा है। उनकी लम्बे समय से रिलीज़ न हो पा रही फिल्म *संदीप और पिंकी फरार* 20 मार्च को रिलीज़ होने जा रही थी। अब ऐसा लगता है कि परिणीति की अन्य फिल्म द गर्ल ऑन द ट्रेन भी 8 मई को रिलीज़ नहीं हो पायेगी। यह 2016 में इसी टाइटल के साथ रिलीज़ मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म *द गर्ल ऑन द ट्रेन* की रीमेक है। मई में प्रदर्शित होने जा रही दूसरी फिल्मों में विद्या बालन की *शकुंतला देवी - ह्यूमन कंप्यूटर*, सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म *दिल बेचारा*, अमिताभ बच्चन की फिल्म *झुण्ड* भी उल्लेखनीय है। इस साल का पहला बड़ा और दिलचस्प मुकाबला 22 मई को ईद वीकेंड पर सलमान खान की फिल्म *राधे योर मोस्ट वांटेड भाई* तथा अक्षय कुमार की फिल्म *लक्ष्मी बॉम्ब* के बीच था। यह मुकाबला हो पायेगा, इस पर शक की पूरी गुंजाइश है।

क्या होगा 7 महीनों में

अगर मान लें कि जून से सब ठीक हो जाएगा, तो क्या बचे हुए 7 महीनों में, बॉलीवुड अपने हुए नुकसान की भरपाई कर पायेगा? यह सब कुछ निर्भर करेगा फिर से रिलीज़ होने वाली *बागी 3* और *अंग्रेजी मीडियम* के बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन पर। इसके बाद, निगाहें रहेंगे बाक़ी के साथ महीनों में रिलीज होने वाली फिल्मों और बड़े सितारों की बॉक्स ऑफिस पर पकड़ पर! जून में जाह्नवी कपूर की *रूही अफ़ज़ाना*, किआरा आडवाणी की *इंदु की जवानी*, जॉन अब्राहम की *मुंबई सागा*, कंगना रानौत की जयललिता बायोपिक फिल्म *थालैवी* और सैफ अली खान और रानी मुखर्जी की फिल्म *बंटी और बबली* के अलावा *निकम्मा*, ईशान खट्टर की *खाली पीली*, *छलांग* और *वर्जिन भानुप्रिया* रिलीज होंगी। इनमें हॉरर कॉमेडी *रूही अफ़ज़ाना, इंदु की जवानी, मुंबई सागा* और *थालैवी* दर्शकों का ध्यान खींच सकती हैं। लेकिन तमाम दर्शकों को कपिल देव की बायोपिक *'83*, सलमान खान की फिल्म *राधे* और अक्षय कुमार की फिल्म *लक्ष्मी बॉम्ब* , इन फिल्मों के बॉक्स ऑफिस पर बड़ा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। इन फिल्मों के प्रमुख एक्टर रणवीर सिंह, सलमान खान और अक्षय कुमार की बॉक्स ऑफिस पर मजबूत पकड़ है। सवाल है ये फिल्में 200 करोड़ से ज्यादा का कारोबार कर पाएंगी?



400 करोड़ का नुकसान

इससे साफ है कि हिंदी फिल्मों के प्रदर्शकों को भारी झटका लगाने जा रहा है। यह झटका मई में भी लगेगा, इसकी पूरी आशंका है। क्योंकि, दुनिया के तमाम देशों में सिनेमाघर बंद हैं। बॉलीवुड की फिल्मों का विदेश में बड़ा बाजार है। अगर, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन आदि देशों के सिनेमाघर बंद रहे तो बड़ी हिंदी फिल्मों का मई में रिलीज हो पाना असंभव हो जाएगा। इस प्रकार से 400 करोड़ का प्रति माह नुकसान झेल रहा बॉलीवुड बेहाल होने जा रहा है। ऐसे में उसके चहरे पर खुशी तभी झलक पायेगी, जब बड़े सितारों की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बड़ा प्रर्दशन करें।

जुलाई से दिसंबर के बीच

जुलाई से दिसंबर के बीच सिद्धार्थ मल्होत्रा की युद्ध फिल्म *शेराशाह*, रणबीर कपूर की फिल्म *शमशेरा*, कार्तिक आर्यन की फिल्म *भूल भुलैया-2*, जॉन अब्राहम की फिल्म *अटैक*, मणिरत्नम की कॉमेडी फिल्म *हंगामा-2*, अजय देवगन की फिल्म *भुज द प्राइड ऑफ इंडिया*, शाहिद कपूर की फिल्म *जर्सी*, अलिया भट्ट की फिल्म *गंगुबाई कठियावड़ी*, फरहान अख्तर की फिल्म *तूफान*, कंगना रानौत की फिल्म *धाक*, जॉन अब्राहम की फिल्म *सत्यमेव जयते 2*, रणवीर सिंह की फिल्म *जयेशभाई जोरदार*, अभिषेक बच्चन की फिल्म *द बिग बुल*, यश की फिल्म केजीएफ चैप्टर 2, अक्षय कुमार की ऐतिहासिक फिल्म *पृथ्वीराज*, रणबीर कपूर की फिल्म *ब्रह्मास्त्र*, अजय देवगन की फिल्म *मैदान*, आमिर खान की फिल्म *लाल सिंह चड्ढा* उल्लेखनीय फिल्में है।

दिसंबर पर टिकी निगाहें

इन फिल्मों में से ज़्यादातर से बढिया कारोबार की उम्मीद की जाती है। इसे पूरा भी होना चाहिये। क्योंकि इनके साथ आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार, अजय देवगन, जॉन अब्राहम, शहिद कपूर, आदि बड़े सितारों की प्रतिष्ठा दांव पर है। इन फिल्मों ने अपने नायक अभिनेताओं की प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन किया तो समझिये कि बॉलीवुड के चेहरे पर मुस्कान आ जायेगी। परन्तु बड़ा सवाल है, इन तमाम फिल्मों की तारीखें कैसे और कब तय होंगी? *बागी 3* की फिर से रिलीज़, अक्षय कुमार और सलमान खान की फिल्मों *लक्ष्मी बॉम्ब* और *राधे* का टकराव कब होगा? यह टकराव बॉक्स ऑफिस को गुलजार कर सकता है। अक्टूबर में *सत्यमेव जयते 2* के एक्शन और *जयेशभाई जोरदार* की कॉमेडी की टक्कर दिलचस्प और दर्शकों को आकर्षित करने वाली साबित हो सकती है। दिसम्बर में तीन बड़ी फिल्में *ब्रह्मास्त्र, मैदान* और *लाल सिंह चड्ढा* रिलीज हो रही हैं। यह छुट्टियों और त्योहारों का महीना है। हमेशा की तरह तीनों फिल्में 1000 करोड़ का कारोबार कर पाएंगी? आप विश्वास नहीं करना चाहेंगे लेकिन, इसी अविश्वसनीय प्रदर्शन पर बॉलीवुड की उम्मीदें जिंदा हैं।







अनुशासन हमेशा संभालता रहा

- अक्षय कुमार

कोरोना की वजह से पूरा बॉलीवुड ठप्प है। फिल्मों की शूटिंग बंद हैं, सिनेमा बंद है। जो फिल्में रिलीज होने वाली थी, उनकी डेट पता नहीं कब तक के लिए आगे खिसक गई। फिल्म *सूर्यवंशी* को लेकर अक्षय कुमार से दीप्ति नायडू की हुई बात-

फिल्म को लेकर कुछ ज्यादा ही चर्चा में रहे हैं आप?

दरअसल *सूर्यवंशी* मेरी विशेष फिल्मों से है। जिसमें मैने एटीएस ऑफिसर की भूमिका निभाई है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसमें मुझे जमकर एक्शन सीन करते दिखाया गया है। बेसिकली यह जबरदस्त एक्शन फिल्म है। जिसमें मुझे एटीएस ऑफिसर के किरदार में ढलने के लिए अपना 8 से 9 किलो वजन कम करना पड़ा था।

***सूर्यवंशी* कितनी प्रासंगिक है?**

यह संयोग है, हमने कुछ ऐसा सोचकर फिल्म नहीं बनाई थी लेकिन मौजूदा समय में यह बहुत ही प्रासंगिक फिल्म है।

आपका किरदार क्या सबक देने वाला है?

हम फिल्में बनाते हैं, जिसमें निगेटिव और पॉजिटिव दोनों ही कैरेक्टर होते हैं। मैं सिर्फ पात्र हूं। हर फिल्म में अच्छे और बुरे पात्र होते हैं। दर्शक समझदार हो चुके हैं। वे जानते हैं कि उन्हें किस कैरेक्टर से सबक लेना है।

रोहित शेट्टी के साथ काम करने का एक्सपीरिएंस?

रोहित के साथ काम करना काफी आसान है। मैं 28 साल से उसे उस समय से जानता हूं। जब वह असिस्टेंट हुआ करता था। आज वह नामचीन डायरेक्टर है। हम दोनों को एक्शन और कॉमेडी करना पसंद है। हमने फिल्म को 55-60 दिन में खत्म कर दिया था।

लेकिन रोहित के साथ आपके झगड़े की न्यूज आई थी?

एक दिन मैंने पढ़ा कि शूटिंग के दौरान मेरा और रोहित शेट्टी का झगड़ा हो गया। उस समय रोहित मेरे बगल में ही था। मैंने उसको कहा, रोहित खबरों में तेरा मेरा झगड़ा हो ही गया है। अब हमें झगड़ा कर लेना चाहिये। बस फिर क्या था, हमने विडियो बनाया और भेज दिया मीडिया वालों को। खबर छपने के ठीक 15 मिनट बाद हमने विडियो वायरल कर दिया। यही था हमारे बीच झगड़ा।

फिल्म में हेलीकॉप्टर सीन है, जिसमें आपने खतरनाक स्टंट किया है?

स्टंट करने में मुझे मजा आता है। हालांकि जितनी उम्र मेरी अभी है। उस हिसाब से आने वाले 4 से 5 साल बाद इस तरह के स्टंट नहीं कर पाऊंगा।

***हाउसफुल 5* को लेकर प्लान शुरू किया गया या नहीं?**

हाउसफुल 5 का फिलहाल तो पता नहीं। कुछ होगा तो जरूर घोषणा की जायेगी।

आपकी जिन्दगी में कठिन दिन भी आये, खुद को कैसे संभाला?

मेरी जिंदगी में खूब उतार चढ़ाव रहे हैं। एक समय तो लगातार 14 फ्लॉप फिल्में देखी हैं। एक बार लगातार 8 फ्लॉप फिल्मों का कठिन समय था लेकिन तब भी मेरे पास हमेशा काम रहता था। मुझे यह काम इसलिये मिलता रहा क्योंकि मैं हमेशा प्रोफेशनल रहा हूं। मेरे बारे में कोई डायरेक्टर या प्रोड्यूसर कुछ नहीं बोल सकता है। लोग कहते थे कि अक्षय की फिल्में नहीं चलती, लेकिन वह टाइम पर आ जाता है। कह सकते हैं कि मेरा अनुशासन ही मुझे हमेशा संभालता रहा।

फिल्मों का चुनाव किस तरह करते हैं?

मेरे लिये दर्शक, मीडिया, समीक्षक सभी बहुत मायने रखते हैं। यह उन पर ही निर्भर करता है कि वह किस तरह से फिल्म पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और आगे ले जा रहे हैं। मेरे लिये इन सबका रिएक्शन मायने रखता है। दूसरी बात मुझे लगती है, जो काम करती है वह यह कि आप कितनी अलग अलग तरह की फिल्मों का हिस्सा बनते हैं। बतौर अभिनेता हमें अलग अलग शैली की फिल्में करनी चाहिये। मैं यही रूल फॉलो करता हूं। ■





टकराव टले, फिर भी टकराव

पिछले दिनों बॉक्स ऑफिस पर कुछ टकराव टालने की कोशिश की गई। यशराज फिल्म्स और एक्सेल एंटरटेनमेंट ने बातचीत की। तय किया गया कि 18 सितंबर को रिलीज़ हो रही यशराज फिल्म्स की रणवीर सिंह अभिनीत कॉमेडी फिल्म *जयेशभाई जोरदार* और फरहान अख्तर की स्पोर्ट्स फिल्म *तूफान* की टक्कर नहीं होगी। यशराज फिल्म्स ने, *जयेशभाई जोरदार* को 2 अक्टूबर 2020 को प्रदर्शित किये जाने का ऐलान कर दिया। इसी बीच निर्देशक शूजित सरकार की 1940 में जलियांवाला हत्याकांड का बदला लेने वाले सरदार ऊधम सिंह पर विक्की कौशल की फिल्म *सरदार ऊधम सिंह* को 2 अक्टूबर 2020 के बजाय 15 जनवरी 2021 को रिलीज़ करने का फैसला कर लिया गया। फिल्मों की रिलीज़ में यह तब्दीली आपसी टकराव को टालने के ख्याल से की गई थी। *जयेशभाई जोरदार, तूफान* से नहीं टकराना चाहती थी। *सरदार ऊधम सिंह* को भी *सत्यमेव जयते 2* से टकराने की कोई इच्छा नहीं थी। इसके बावजूद टकराव हुआ। यशराज फिल्म्स से *जयेशभाई जोरदार* को 2 अक्टूबर के लिए टाला ज़रूर, लेकिन दूसरा टकराव मोल ले लिया। क्योंकि 2अक्टूबर को जॉन अब्राहम की 2018 में रिलीज़ विजिलान्ते फिल्म *सत्यमेव जयते* की सीक्वल फिल्म *सत्यमेव जयते 2* प्रदर्शित हो रही थी। अब बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह और जॉन अब्राहम की टक्कर होने जा रही है। दोनों ही फिल्में भिन्न जॉनर वाली फिल्में हैं। इनका बड़ा दर्शक वर्ग है। रणवीर सिंह पहली बार किसी खालिस कॉमेडी फिल्म में नज़र आएंगे। जबकि जॉन अब्राहम पर एक्शन से भरपूर भूमिकाएं फबती हैं। 2019 में 20 अक्टूबर को रिलीज़ यशराज फिल्म की हृतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ अभिनीत एक्शन फिल्म *वॉर* को भी सफलता मिली थी। इस लिहाज़ से *सत्यमेव जयते 2* और *जयेशभाई जोरदार* का टकराव दिलचस्प नज़र आता है।



रीमेक फिल्म में करण जौहर के *भीष्म* रणबीर कपूर

21 फरवरी 2020 को वेंकी कुडुमुला निर्देशित तेलुगु फिल्म *भीष्म* रिलीज़ हुई थी। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म के रोमांटिक जोड़े नितिन और रिश्मका मंदना थे। इस फिल्म को समीक्षकों की सराहना मिली ही, दर्शकों ने भी पसंद किया। अब इस फिल्म को रीमेक फिल्म बनाने में उस्ताद बॉलीवुड निर्माता करण जौहर हिंदी में रीमेक करने जा रहे हैं। उनके इस फिल्म के हिंदी रीमेक के अधिकार खरीद लेने की खबर है। यह भी पता चला है कि वह इस रीमेक फिल्म में नायक भीष्म प्रसाद की भूमिका के लिए रणबीर कपूर को लेना चाहते है। रणबीर कपूर, किसी रोमकॉम फिल्म के लिए अच्छा चुनाव साबित होते हैं। उनकी फिल्म *अजब प्रेम की गज़ब कहानी* इसका प्रमाण है। अभी भीष्म के हिंदी रीमेक की बात शुरुआती दौर में है। इसिलए रणबीर कपूर के अलावा फिल्म के पटकथा लेखक और निर्देशक तथा रणबीर कपूर के रोमांटिक साथी के नाम का खुलासा नहीं हुआ है। लेकिन जिस प्रकार से, करण का झुकाव दक्षिण की खासतौर पर तेलुगु फिल्मों की ओर है, ऐसा लगता है कि *भीष्म* की हिंदी रीमेक फिल्म बनेगी। वैसे करण जौहर, इस समय जिस फिल्म *फाइटर* के निर्माण में व्यस्त हैं, वह रीमेक फिल्म नहीं है। बल्कि यह फिल्म तेलुगु और हिंदी में बनाई जा रही है। इस फिल्म में तेलुगु स्टार विजय देवेराकोंडा और अनन्या पाण्डेय प्रमुख भूमिकाओं में होंगे। यह विजय की पहली द्विभाषी और हिंदी फिल्म होगी।

रीमेक होगी की *द बर्निंग ट्रेन*

चालीस साल पहले 28 मार्च 1980 को निर्माता बलदेव राज चोपड़ा की उनके बेटे रवि चोपड़ा निर्देशित एक्शन थ्रिलर फिल्म *द बर्निंग ट्रेन* रिलीज हुई थी। यह रवि चोपड़ा के निर्देशन में बनी दूसरी फिल्म थी। जापान की डिजास्टर फिल्म *बुलेट ट्रेन* के जवाब में बॉलीवुड की फिल्म *द बर्निंग ट्रेन* की खासियत इस की सितारों की भीड़ थी। इस फिल्म में तत्कालीन तमाम बड़े सितारे धर्मेंद्र, हेमा मालिनी, विनोद खन्ना, जीतेंद्र, परवीन बाबी, डैनी डेंग्ज़ोप्पा, विनोद मेहरा, इफ्तखार, रणजीत, सिमी ग्रेवाल, आशा सचदेव आदि इस ट्रेन में सवार थे। दर्शकों की भीड़ खींचने के लिहाज से सितारों की यह भी काफी हिट होनी चाहिए थी। हालांकि इसने बॉक्स ऑफिस पर 3.20 करोड़ का नेट किया था, लेकिन भारी बजट के कारण बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई थी। अब इसी फिल्म का पुनर्निर्माण किये जाने की खबर है। इसको फ्लॉप अभिनेता जैकी भगनानी के साथ रवि चोपड़ा के बेटे जूनो चोपड़ा कर रहे हैं। अभी इस फिल्म के रीमेक की बात शुरुआती दौर में ही है। इसिलए अभी स्टार कास्ट तथा दूसरे विवरण ज्ञात नहीं है। ध्यान रखने की बात है कि *द बर्निंग ट्रेन* सितारा बहुल फिल्म थी। बड़े सितारे इसका आकर्षण थे। क्या रीमेक *द बर्निंग ट्रेन* भी उसी जोड़ की मल्टी स्टारर होगी? ऐसी दशा में यह बहुत बड़ा प्रोजेक्ट होगा। आजकल सितारा बहुल फिल्मों का जमाना नहीं है। इसे देखते हुए *द बर्निंग ट्रेन* का निर्माण फायदेमंद होगा, इस पर शक है।

बैजू बावरा में *गली बॉय* के एक्टर

पिछले साल फिल्म निर्माता-निर्देशक संजय लीला भंसाली की कुछ फिल्मों की चर्चा हुई थी। इनमें सलमान खान के साथ *इंशाल्लाह,* प्रियंका चोपड़ा के साथ *गंगुबाई* और अजय देवगन को लेकर *बैजू बावरा* बनाए जाने की चर्चा प्रमुख थी। दीगर है कि *इंशाल्लाह* डब्बावंद हो गई। *गंगुबाई* में, प्रियंका चोपड़ा की जगह अलिया भट्ट आ गई। सिर्फ *बैजू बावरा* की स्टारकास्ट में खास तब्दीली नहीं हुई। अब इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि भंसाली द्वारा म्यूजिकल रोमांस फिल्म *बैजू बावरा* बनाई जायेगी। 2021के *बैजू बावरा* में रणवीर सिंह और



अलिया भट्ट को लिए जाने की खबर है। इस फिल्म में रणवीर सिंह बैजू की भूमिका करेंगे। बैजू की प्रेरणा और प्यार गौरी की भूमिका अलिया भट्ट करेंगी। अलिया और रणवीर सिंह ने जोया अख्तर की फिल्म *गली बॉय* में सफीना और मुराद की भूमिका की थी। दोनों काफी हद तक काल्पनिक चित्रत्र थे लेकिन, *बैजू बावरा* की कहानी काफी हद तक काल्पनिक होने के बावजूद रियल जैसी लगती है। क्योंकि संजय लीला भंसाली की फिल्म *बैजू बावरा* 1952 में प्रदर्शित विजय भट्ट निर्देशति फिल्म *बैजू बावरा* की रीमेक है। 1952 की *बैजू बावरा* में बैजू और गौरी की भूमिका भारत भूषण और मीना कुमारी ने की थी। इस फिल्म के लिए मीना कुमारी को पहला फिल्मफेयर पुरस्कार मिला था। इस फिल्म में ऐतिहासिक चरित्र अकबर की भूमिका विपिन गुप्ता और तानसेन की भूमिका सुरेन्द्र ने की थी। रीमेक फिल्म में तानसेन की भूमिका में दर्शकों को दिलचस्पी हो सकती है क्योंकि, विजय भट्ट की *बैजू बावरा* में तानसेन और बैजू बावरा का संगीत मुकाबला बेहद दिलचस्प और महत्वपूर्ण था। अजय देवगन का नाम भंसाली की फिल्म में तानसेन की भूमिका के लिए ही सामने आया था। अब वक्त बतायेगा कि संजय लीला भंसाली के बैजू बावरा, गौरी और तानसेन कौन एक्टर बनते हैं। फिलहाल तो भंसाली *गंगुबाई* की शूटिंग में व्यस्त है, जो इस समय रुकी पड़ी है।

सुजॉय घोष की ब्लाइंड सोनम कपूर

निर्देशक सुजॉय घोष अपनी निर्देशक के रूप में सातवीं फिल्म में सोनम कपूर के साथ काम करने जा रहे हैं। हालांकि, सोनम कपूर ने *नीरजा, पैडमैन* और *वीरे दी वेडिंग* जैसी हिट फिल्में दी है, लेकिन *वीरे दी वेडिंग* के बाद प्रदर्शित उनकी प्रमुख भूमिका वाली दो फिल्मों *एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा* और *द ज़ोया फैक्टर* को बॉक्स ऑफिस पर बुरी मार लगी। इस लिहाज़ से, सुजॉय घोष की फिल्म सोनम कपूर को फायदा पहुंचा सकती है। क्योंकि सुजॉय घोष की फिल्मों में महिला केंद्रित कहानी होती है। सुजॉय घोष की शुरुआती तीन फिल्मों म्यूजिकल रोमांस *झंकार बीट्स*, कॉमेडी रोमांस *होम डिलीवरी* तथा फंतासी एक्शन फिल्म *अलादीन* को बॉक्स ऑफिस पर बड़ा स्वागत नहीं मिला था लेकिन सुजॉय को पहचाना जाने लगा था। 2012 में प्रदर्शित मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म *कहानी* बड़ी सफलता मिली थी। यह फिल्म विद्या बालन की, अपने पति की तलाश करती गर्भवती विद्या बागची पर केंद्रित थी। हालांकि इस फिल्म की सीक्वल कहानी *दुर्गा रानी सिंह* को उतनी सफलता नहीं मिली। इसके बाद 2019 में प्रदर्शित थ्रिलर फिल्म *बदला* में तापसी पन्नू की नैना सेठी उभर कर आई। सोनम कपूर के सुजॉय घोष की जिस फिल्म *ब्लाइंड* में काम करने की खबर है, वह दक्षिण कोरिया की 2011 में रिलीज़ क्राइम थ्रिलर फिल्म *ब्लाइंड* की हिंदी रीमेक है। इस फिल्म की पुलिस अकादमी की कैडेट नायिका एक्सीडेंट में अपने भाई और अपनी आंखे खो बैठती है। तीन साल बाद, वह जिस टैक्सी से जा रही होती है, वह एक्सीडेंट में एक औरत को मार देती है लेकिन नायिका बच जाती है। इस दुर्घटना का जांच कर रहा पुलिस अधिकारी महसूस करता है कि आंखें खो देने वाली नायिका की चार इंद्रियां देख सकती है। सशक्त कथानक के लिहाज से यह भूमिका काफी दिलचस्प लगती है। पिछले साल सुजोय घोष की हॉरर ड्रामा वेब सीरीज नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई थी। इस सीरीज को काफी पसंद किया गया। इस समय सुजोय घोष थ्रिलर वेब सीरीज *सस्पेक्ट एक्स* पर काम कर रहे हैं। अगर कोरोना वायरस के कारण कोई बाधा नहीं पहुंची तो उनकी फिल्म *ब्लाइंड* जून से लन्दन में शूट होनी शुरू हो जायेगी।

दिनेश विजन का *घोस्ट यूनिवर्स*

हॉलीवुड की नकल की दौड़ में दौड़ता बॉलीवुड अब यूनिवर्स बनाने की दौड़ में शामिल होता लगता है। हॉलीवुड के प्रख्यात मार्वेल सिनेमेटिक यूनिवर्स और डीसी सिनेमेटिक यूनिवर्स को बॉलीवुड में कॉप यूनिवर्स में बदलने का पहला कारनामा रोहित शेट्टी ने किया था। उन्होंने कॉप फिल्म *सिंघम* और उसका सीक्वल बनाने के बाद, *सिम्बा* बनाने के दौरान कॉप



यूनिवर्स का शोशा उछला था। *सिम्बा* के रिलीज़ होते होते कॉप यूनिवर्स कागजों में आ गया। *सिम्बा* के रिलीज़ होने से पहले ही, रोहित शेट्टी ने *सूर्यवंशी* का ऐलान कर दिया था। *सिम्बा* के क्लाइमेक्स में अजय देवगन का *सिंघम* और रणवीर सिंह के *सिम्बा* के साथ अक्षय कुमार का *वीर सूर्यवंशी* इस कॉप यूनिवर्स की तरफ इशारा कर रहा था। हालांकि, रोहित शेट्टी ने अभी कॉप यूनिवर्स की फिल्मों का ऐलान नहीं किया है, लेकिन निर्माता दिनेश विजन इससे कहीं आगे निकल गए लगते हैं। निर्माता दिनेश विजन की 2018 में रिलीज घोस्ट कॉमेडी फिल्म *स्त्री* को बड़ी सफलता मिली थी। उसके बाद *स्त्री* के सीक्वल की बात तो चली लेकिन आगे नहीं बढ़ी। दिनेश विजन ने दूसरी घोस्ट फिल्म *रूही अफज़ाना* का ऐलान जो कर दिया था। इस फिल्म में जाह्नवी कपूर भूत और दुल्हन की दोहरी भूमिका कर रही है। *स्त्री* की सफलता और *रूही अफज़ाना* की ज़बरदस्त चर्चा को देखते हुए दिनेश विजन ने घोस्ट यूनिवर्स का विचार काफी कुछ साफ कर दिया है। दिनेश विजन इस समय अन्य घोस्ट फिल्म *मुंझा* पर काम कर रहे हैं। उनका विचार है कि उनकी फिल्मों के तीन घोस्ट *स्त्री, रूही* और *मुंझा* साथ बैठे। हो सकता है कि *मुंझा* के बाद, विजन के बैनर से जो फिल्म निकले वह *स्त्री* और *रूही* का गठजोड़ हो, क्योंकि तब तक दर्शकों का परिचय *मुंझा* से भी हो जाएगा। इसिलए पहली *स्त्री-रूही* फिल्म के बाद *स्त्री, रूही* और *मुंझा* यूनिवर्स सामने आयेगा। अगर दर्शकों के बीच यह घोस्ट यूनिवर्स क्लिक कर गया तो आगे ऐसी ही कई घोस्ट फिल्में देखने को मिलेंगी।

सुपरकॉप से सुपरहीरो तक कैटरीना

कहा जा सकता है कि कैटरीना कैफ की डेट डायरी पूरी तरह से भर चुकी है। 2021 तक किसी नई फिल्म को साइन करने की कोई गुंजाइश नहीं है। उनकी एक फिल्म इस साल रिलीज़ होने जा रही है। तीन फिल्में उनके खाते में दर्ज हो चुकी है। ये फिल्में भिन्न जॉनर की बड़े सितारों वाली फिल्में हैं। कैटरीना की अक्षय कुमार के साथ फिल्म *सूर्यवंशी* 24 मार्च को रिलीज़ होने वाली थी। कोरोना वायरस के कहर के कारण इस फिल्म की रिलीज़ फिलहाल टल गई है। हालांकि फिल्मों की शूटिंग भी बंद है। लेकिन कैटरीना कैफ ने नई फिल्म साइन कर ली है। वह विकास बहल के निर्दशन में कॉमेडी फिल्म *डेडली* करने जा रही है। यह फिल्म पिता-पुत्री के संबंधों पर है। इसमें कैटरीना के पिता की भूमिका के लिए अमिताभ बच्चन से बात चल रही है। अगर बात बन गई तो कैटरीना कैफ की डेब्यू फिल्म *वूम* में उनके नायक अमिताभ बच्चन उनके पिता की भूमिका में नजर आएंगे। एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म *फोनबूथ* हॉरर कॉमेडी है। इसका निर्देशन गुरमीत सिंह करेंगे। इस फिल्म में, कैटरीना कैफ के सह अभिनेता ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी है। कैटरीना के अली अब्बास ज़फर की दो फिल्में साइन करने की भी खबर है। *टाइगर जिंदा है* की सीक्वल *टाइगर 3* है। स्वाभाविक है कि इस तीसरी टाइगर के टाइगर सलमान खान ही होंगे। अली अब्बास के फीमेल सुपर हीरो फिल्म बनाये जाने की कभी खबर है। इस फिल्म की महिला सुपरहीरो कैटरीना कैफ होंगी। इसको 1987 में प्रदर्शित फिल्म *मिस्टर इंडिया* का नारी केंद्रित चित्रत्र वाली फिल्म बताया जा रहा है। इस प्रकार से *सूर्यवंशी* की सुपर कॉप कटरीना कैफ, अली अब्बास ज़फर की सुपरहीरो बनी नज़र आएंगी।



■ अल्पना

कोई फर्क नहीं पड़ता मुझे

पूजा चोपड़ा

पूजा चोपड़ा 2009 में मिस इंडिया का ताज जीती थी। यह खिताब जीतने के बाद फिल्मी दुनिया के दरवाजे उनके लिये खुल गये। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत फिल्म कमांडो से की थी। इसके बाद मधुर भंडारकर निर्देशित फिल्म फैशन तथा हीरोइन की। इसके बाद वह तमिल फिल्म पोंनर शंकर तथा स्पेशल 26 में नजर आई। जल्द ही वह बबलू बैचलर में नज़र आयेंगी। उनसे हुई बात-

क्या बचपन से ही अभिनय की दुनिया में आना चाहती थीं?

जी नहीं। अभिनय के बारे में तो सोचा ही नहीं था। मैं आईएएस ऑफिसर बनना चाहती थी। मेरे परिवार में किसी का भी फिल्मी दुनिया से कोई संबंध नहीं था। किसी को भी इस लाइन के बारे में पता नहीं था। मुझे मिस इंडिया के बाद फिल्मों के काफी ऑफर मिल रहे थे। इसलिये मैंने फिल्मों का आइडिया बनाया। *कमांडो* फिल्म से मेरी शुरुआत हुई।

बॉलीवुड में चुनौतियों का सामना करना पड़ा?

दरअसल, स्टार किड्स के सामने कोई चुनौती नहीं होती। उन्हें ऑफर्स आते रहते हैं। जबकि हमारे जैसे आउट साइडर के लिये अच्छा प्रोजेक्ट हासिल करना आसान नहीं होता। हालांकि अच्छा प्रोजेक्ट मिलना ही बहुत बड़ी उपलब्धि नहीं है। आपको साबित भी करना होता है। जो किसी चुनौती से कम नहीं। अच्छे प्रोजेक्ट के साथ साथ दर्शकों को अच्छा काम दिखाते रहना भी जरूरी है। किसी बाहरी शख्स के लिये इस चुनौती का सामना कर पाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है।

अपनी आदतों के बारे में बतायें?

मैं फिल्मी पार्टीज़ वगैरह में जाना पसंद नहीं करती। काफी स्पष्ट भाषी हूं। कुछ भी गलत होने पर सामने ही कह देना पसंद करती हूं। इसके अलावा मैं कोई भी आपत्तिजनक दृश्य, जो मुझे असहज लगे। जैसे किसिंग सीन या छोटे कपड़े नहीं करना चाहती। इससे काम में परेशानी जरूर होती है लेकिन मैं उससे मायूस नहीं होती।

इन दिनों वेब सीरीज पर भी बहुत काम है। वहां से कोई ऑफर?

मैं तो फिल्मों में अपनी शर्तों पर काम करती हूं। लिहाजा वेब सीरीज जैसे अनसेंसर फिल्म में तो काम करने का सवाल ही पैदा नहीं होता।

फैमिली ने कितना सपोर्ट हासिल रहा?

मेरी मदर ने हर कदम पर मेरा साथ दिया। मैंने जो चाहा, उन्होंने करने दिया। उन्हें मुझ पर पूरा भरोसा था। जिसे मैंने टूटने नहीं दिया। फिल्म चुनने के फैसले में मेरी मां का भी सहयोग रहता है। जहां तक पिता का सवाल है तो उन्होंने तब मेरी मां को छोड़ दिया था। तब मैं बहुत छोटी थी। मेरी मां और दीदी ने मुझे बड़ा किया। मैंने उनके संघर्ष को देखा है।



इस फिल्म में क्या किरदार है?

इस फिल्म में मेरी भूमिका जर्नलिस्ट की हैं। जिसका नाम अवंतिका है। जो बहुत महत्वाकांक्षी है। अपने करियर को आगे बढाने के लिये मायानगरी मुंबई में बसना चाहती है। इसके लिये किसी का प्यार भी उसके लिये इतना अहम नहीं। जितना वह अपने करियर को लेकर जागरूक है। इस आत्मविश्वास को दिखाने की कोशिश की गयी है, जो आज के परिवेश में जरूरी हो गया है।

किस तरह के किरदार निभाने की ख्वाहिश है?

किरदार से पहले में स्क्रिप्ट देखती हूं कि उसमें मेरा किरदार किस तरह से पिरोया गया है। मैं अच्छी कहानी का हिस्सा बनना पसंद करती हूं। भूमिका चाहे बड़ी हो या छोटी, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।

■ श्याम शर्मा

बोर हो रहे हैं तो देखें जबरदस्त सीरीज

कोरोना वायरस को लेकर 21 अप्रैल तक का लॉकडाउन शुरू हो चुका है। इस दौरान सभी घर पर है। ऐसे में अगर घर बैठे बोर हो रहे हैं या टीवी शो के रिपीट टेलीकॉस्ट से ऊब चुके हैं आपकी हेल्प के लिए इस दौरान बताते हैं, कुछ ऐसी ही ट्रेंडिंग वेब सीरीज के बारे में जो आपको बोर होने से बचाएंगी-



असुर

अरशद वारसी ने इस वेब सीरीज के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एंट्री मारी है। वूट पर *असुर* उपलब्ध है। इसमें कुल 8 एपिसोड हैं। हर एपिसोड औसतन 40 मिनट का है। सीरीज में शास्त्रों, कलयुग, पुराण, हिंदू माइथोलॉजी के किस्सों और पात्रों के साथ थ्रिलर-सस्पेंस- क्राइम का शानदार तड़का लगाया गया है।

भौकाल

भौकाल वेब सीरीज में आईपीएस की वर्कलाइफ को दर्शाया गया है, जिसमें उनके काम करने का तरीका दिखाया गया है। बिल्कुल देसी



अंदाज में बनी इस वेब सीरीज में मोहित रैना (महादेव वाले) मुख्य किरदार में हैं।

स्पेशल ऑप्स

बेबी, स्पेशल 26 और *अ वेडनेसडे* जैसी फिल्में बनाने वाले नीरज पांडे ने *स्पेशल ऑप्स* के साथ डिजिटल डेब्यू किया है। केके मेनन की



दमदार एक्टिंग, नीरज पांडे का निर्देशन और कुछ अच्छी कहानी के दम पर ये दिल जीतने में कामयाब रहती है। सीरीज में भारत की खुफिया एजेंसी रॉ के कुछ जांच और ऑपरेशन्स को दिखाया गया है।



ताज महल 1989

नेटफ्लिक्स पर आई *ताजमहल* कुछ पुरानी हो चुकी है लेकिन शांत माहौल में देखने के लिए ये काफी शानदार सीरीज़ है। लखनऊ की नवाबीयत, ताज महल की खूबसूरती, कॉलेज का प्यार, घर की तकरार इस सीरीज़ में सब कुछ है। 7 एपिसोड की इस सीरीज में कई किस्से हैं, जो एक दूसरे से जुड़े हैं।

स्टेट ऑफ सीज 26/11

जी5 की यह सीरीज मार्च में ही रिलीज हुई। जो 26/11 के मुंबई हमले पर आधारित है। अभी तक इस पर बनी हुई कुछ फिल्में देखी होंगी लेकिन एनएसजी कमांडो की तरफ से हुई कार्यवाही पर



आधारित है। ब्लैक टॉरनेडो किताब पर बेस्ड है।

काली 2

जी5 की तगड़ी पेशकश है काली। काली बंगाली सीरीज की सफलता के बाद इसे हिंदी में लाया गया है। पहले सीजन की अधूरी कहानी दूसरे सीजन में पेश की गई है। काफी दिलचस्प और सस्पेंस से भरी है काली की कहानी।

मनी हाइस्ट

मनी हाइस्ट यह स्पेनिश वेब सीरीज है। सबटाइटल्स के साथ नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। सोशल मीडिया में इस सीरीज के आपने मीम देखे होंगे। ग्रुप किस तरह स्पेन के सबसे बड़े बैंक में चोरी करता है और किस तरह दिमागी कसरतों से पूरी पुलिस को पागल बना देता है, इसमें आपको देखने को मिलेगा।



■ प्रवीण कुमार

निमिषा वखारिया टेलीविजन धारावाहिक देखने वालों के लिए जाना पहचाना सा चेहरा हैं। सोनी सब के *तेनाली रामा* में वापसी के बाद निमिषा ने कहा-

बहुत गहरा है हमारा रिश्ता

निमिषा वखारिया

तेनाली रामा -

मैं यह बात दिल से कह सकती हूं कि मुझे घर लौटने जैसा महसूस हो रहा है। कलाकारों में कुछ बदलाव हुए हैं लेकिन थोड़ी राहत भी है कि मेरा और मेरे ऑन-स्क्रीन बेटे रामा का कमरा एक ही है। अब तो रामा के साथ मेरे सीन पहले से भी ज्यादा वास्तमविक नज़र आ रहे हैं। जब भास्कर के किरदार के साथ शूटिंग करनी होती है तो थोड़ा ध्यान रखना पड़ता है। मैं इसके साथ तालमेल बिठने की कोशिश कर रही हूं। बड़ा अच्छा लगता है कि मैं उन सदस्यों में से हूं, जो इस शो की शुरुआत से है।

आश्चर्य की बात

किसी भी शो का इतने लंबे समय तक चलना बहुत बड़ी बात है। जब हमने यह शो शुरू किया था तो हममें से किसी ने भी नहीं सोचा था। हम उस सफर का हिस्सा रहे हैं और इससे हमें गर्व का अनुभव होता है। खासकर अम्माह, शारदा, रामा और गुंडपा जैसे किरदारों के बीच हमने जिस तरह की केमेस्ट्री बनायी बहुत अच्छा है। हम परिवार की तरह थे। हमने उन किरदारों को बनाया, जैसे आज वे हैं। शो का इतने लंबे समय तक चलना बहुत बड़ी बात है।

नये कलाकारों के साथ काम -

जब पहले दिन मैं आयी और शारदा के साथ शूटिंग की, हमारे बीच तुरंत ही रिश्ता सा बन गया।एक-दूसरे के साथ काफी सहज हो गये। इसके अलावा मुझे इसकी खुशी है कि रामा व हम दोनों के बीच अलग तरह का तालमेल और केमेस्ट्री है। आमतौर पर बाकी एक्टर्स के साथ मेरा शॉट नहीं होता लेकिन सभी काफी विनम्र और मिलनसार है। जिस दिन मैं सेट पर आयी। सभी लोग मेरे कमरे में आये।

आवाज के लिये निर्भर -

सच कहूं तो एक्टोर के तौर पर जो मैं कर सकती थी, किया। क्योंकि इसमें मैं बोलती नहीं हूं। मुझे परफॉर्म करना होता है। मुझे अपनी बातें अपने हाव-भाव के जरिये बतानी पड़ती है। इसके लिये, शारदा के साथ सही तरीके से तालमेल बिठना बहुत ही जरूरी है। यह चुनौती थी। मुझे इस बात की बेहद खुशी है, पहले दिन से ही आसिया के साथ मेरा काफी अच्छा रिश्ता बन गया है। इससे मुझे बेहतर परफॉर्म करने में मदद मिली। साथ ही अम्मा की भूमिका के लिये मुझे ज्वैलरी पहनने या बहुत मेक-अप करने की जरूरत नहीं है। इसमें सिर्फ एक ड्रेस है। मैं शूटिंग के लिये फट से तैयार हो जाती हूं। मुझे हर शॉट के बाद माइक लगाने की भी चिंता नहीं रहती।

कृष्णा भारद्वाज के साथ -

हमारी केमेस्ट्री काफी अच्छी है। हम दोनों ही थियेटर से हैं। इस वजह से भी इतना गहरा रिश्ता है। किसी भी सीन के दौरान हमें स्क्रिप्ट पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होती। ज्यादातर हम उसमें बदलाव कर लेते हैं। बदलाव तभी आसानी से हो पाता है, जब आपके को-स्टार के साथ केमेस्ट्री बहुत अच्छी हो। जानती हूं कि उस सीन में मैं उसे मार सकती हूं। या जब मैं रामा को कुछ खिलाती हूं और उसके चेहरे को पोंछती हूं। मुझे यह पूछने की जरूरत नहीं पड़ती कि इस सीन में मैं यह चीज करूं या नहीं। ये छोटी-छोटी बारीकियां सीन को वास्तविक बना देती हैं। ■





सौरभ परिवार के साथ गुजार रहे हैं वक्त

पटियाला बेब्स में शेफ नील ओबेरॉय का रोल निभा रहे सौरभ राज जैन इस दौरान अपना ज्यादा से ज्यादा समय अपने बच्चों और अपनी पत्नी रिद्धिमा के साथ गुजार रहे हैं। सौरभ ने कहा, 'यह बहुत मुश्किल वक्त है। जहां हम शारीरिक रूप से इस वायरस से नहीं लड़ सकते, वहीं हमें अपना योगदान देते हुए घरों के अंदर रहकर इसे आगे फैलने से रोकना चाहिए और पूरी सख्ती के साथ सामाजिक दूरी यानी सोशल डिस्टैंसिंग का पालन करना चाहिए। हम जिस तरह का शेड्यूल अपनाते हैं, इससे हमें घरों में रहने में यकीनन मुश्किल होगी, लेकिन यकीन मानिए यह वक्त भी गुजर जाएगा। मैं भी अपने परिवार के साथ काफी वक्त गुजार रहा हूं। खुद को व्यस्त रखने के लिए हम हर तरीके आजमा रहे हैं। बोर्ड गेम्स खेलने से लेकर फिल्में देखने, गार्डनिंग करने और ऐसे बहुत-से काम करने तक, हम सारी चीजों में हाथ आजमा रहे हैं।'



डेटिंग के लिए पापा से पूछेंगी कनिका

एक दूजे के वास्ते 2 में सुमन के रोल में मशहूर कनिका कपूर ने बताया कि अपने जीवनसाथी का चुनाव कैसे करेंगी। कनिका अपने डैडी की राजकुमारी हैं और अपने पिता से पूछे बिना कोई फैसला नहीं लेती। कनिका अपने पापा को अपना सबसे अच्छा दोस्त मानती हैं। उनके साथ अपनी जिंदगी की हर बात शेयर करती हैं। उनके पिता भी उनको समझते हैं और उनका साथ देते हैं। जब भी जरूरत पड़ती है, वो उन्हें गाइड भी करते हैं। हाल ही में 25 साल की हुई कनिका ने बताया कि यदि वो किसी को भी डेटिंग करें तो उनके पिता को इस बात से कोई दिक्कत नहीं है। बात सिर्फ यह है कि उस लड़के को भी वो शर्तें माननी होगा, जो उनके पिता ने रखी हैं। कनिका ने कहा, "मैं अपने मां-बाप के साथ अपनी पर्सनल लाइफ शेयर करने में बिल्कुल सहज हूं। वे हमेशा मेरा साथ देते हैं। मैं इस समय किसी को डेट नहीं कर रही हूं, लड़के को मेरे जितना ही जिम्मेदार रहना होगा। इस समय मैं अपने करियर पर ध्यान दे रही हूं और मैं चाहती हूं कि वह लड़का भी यही करे। मेरे लिए शक्ल-सूरत कोई मायने नहीं रखती, लेकिन उस लड़के को अपना करियर बनाने पर ध्यान देना चाहिए और मैं जो भी करूं उसे मेरा साथ देना चाहिए। इंडस्ट्री के बाहर किसी लड़के को डेट करने में भी मुझे कोई परेशानी नहीं है, बस उसे मेरे मां-बाप को भी सम्मान देना चाहिए और उन्हें अपने माता-पिता के समान ट्रीट करना चाहिए। साथ ही उसे मेरे पिता की स्वीकृति जरूरी है। संक्षेप में कहूं तो मेरे किंग ही मेरा प्रिंस चार्मिंग चुनेंगे।"



मलयाली में बात करके *मल्ला मे मल्लूज* बनाये मलाइका ने

इंडियाज़ वेस्ट डांसर में टैलेंट को चुनने के लिए जज मलाइका अरोड़ा, गीता कपूर और टेरेंस लुइस एंटरटेनमेंट, नयापन और टेक्निक (ईएनटी) के आधार पर प्रतिभागियों का आकलन कर रहे हैं। उन्हें भी काफी मुश्किलें हो रही हैं। ऐसी ही टैलेंट हैं केरल से आईं श्वेता वॉरियर। जिन्होंने अपनी परफॉर्मेंस से जजों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्वेता ने 'दिलबर' गाने परकोरियोग्राफर ऐश्वर्या के साथ वेस्टर्न और क्लासिकल के फ्यूजन पर परफॉर्म किया। उनके एक्ट के लिए उन्हें तीनों जजों से पॉजिटिव प्रतिक्रियाएं मिली। मलाइका को उनकी परफॉर्मेंस बहुत पसंद आई। उन्हें यह जानकर बहुत खुशी हुई कि श्वेता और उनकी कोरियोग्राफर ऐश्वर्या केरल की हैं। इतना ही नहीं मलाइका ने उन दोनों को उपाधि भी दे दी। मलाइका ने कहा कि उन्हें 'मल्ला के मल्लूज़' कहना पसंद करेंगी। उन्हें डांस परफॉर्म करते हुए देख कर मलाइका भी केरल में अपनी जड़ों में लौट गईं। उन्होंने मलयाली भाषा में उन्हें कॉम्पलीमेंट दिया। श्वेता ने कहा, 'मैंने तब से डांसिंग शुरू कर दी थी, जब मैं साढ़े तीन साल की थी। मेरी मां मेरी प्रेरणा हैं। जो प्रशिक्षित डांसर हैं। मैं अब भी उनसे सीखती हूं। श्वेता की मां अपनी बेटी को मंच पर परफॉर्म करते देख कर भावुक हो गईं। इसके बाद इन दोनों मां-बेटी ने मिल कर 'आमी जे तोमार' गाने पर भरतनाट्यम प्रस्तुत किया।

संगीत की तैयारी शुरू

स्टार भारत के *कार्तिक पूर्णिमा* शो की कहानी बिलकुल अनोखी है। पूर्णिमा की कहानी उसकी सीरत का गुणगान करती है। शो में सुमृत और शनाया की संगीत की तैयारियां धूमधाम से की जा रही हैं। इनके संगीत के मौके पर पूरे कास्ट और क्रू ने डिज़ाइनर कपड़े पहने हैं। साथ ही सभी ने अपने डांस नंबर भी तैयार किए हैं। जिसे कोरियोग्राफर केनिल शांघवी ने कोरियोग्राफ किया है। सुमृत और शनाया के संगीत की तैयारी बहुत ग्रैंड तरीके से होने वाली है। जहां पूरी कास्ट और क्रू डिज़ाइनर कास्ट्यूम पहनने वाला है। सभी अपने-अपने स्पेशल नम्बर्स पर परफॉर्म करने वाले हैं। इतना ही नही इन सभी के डांस नम्बर्स को अलग तरीके से कोरियोग्राफ किया है।

गीता कपूर ने की खूबसूरत पहल

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का शो *इंडियाज़ वेस्ट डांसर* में टैलेंट और शानदार परंपरा देखने को मिल रही है। इसमें भारत के वेस्ट डांसर का खिताब जीतने के लिए मुकाबला जारी है। शो के प्रतिभागी दिल्ली के टाइगर पॉप ने ऑडिशन राउंड क्लियर करते हुए वेस्ट 12 प्रतिभागियों में अपनी जगह बना ली। अब टाइगर को फिल्म *स्ट्रीट डांसर 3डी* फेम वर्तिका झा मेंटर करेंगी। जिन्होंने ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में वाखरा स्वैग गाने पर डांस किया था। टाइगर बेहद विनम्र परिवार से आते हैं। उनकी मां जजों के सामने सीधे उनकी तरफ देख भी नहीं पा रही थीं। उन्होंने पूरा समय अपना सिर झुकाए रखा। टाइगर ने बताया कि उनकी मां की इच्छा है कि मुंबई घूमें। यहां की जिंदगी का अनुभव करें। बर्फ के गोले खाएं और यहां के स्थानीय खाने का लुत्फ उठाएं। यह सुन कर गीता कपूर ने अपनी तरफ से उनके लिए मुंबई दर्शन ट्रिप का इंतजाम किया। गीता की इस नेकदिली पर टाइगर पॉप की मां उनका शुक्रिया अदा करते नहीं थक रही थी। टाइगर की मां ने बताया कि कैसे वह सारे शहर में घूमीं। बहुत-सी चीजें देखी और यहां के खाने का स्वाद भी लिया। अपना सपना सच करने के लिए उन्होंने गीता कपूर को दिल से धन्यवाद दिया।



गीता ने कहा, 'टाइगर पॉप में जबर्दस्त टैलेंट है। उसने समय- समय पर मंच पर अपना हुनर साबित किया है। मैं उसे शुभकामनाएं देती हूं। वाकई चाहती हूं कि टाइगर फेमस हो जाए, ताकि अपनी मां को कुछ और बर्फके गोले खिलाने के लिए इंटर नेशनल ट्रिप पर ले जाए।' टाइगर पॉप ने बताया, 'मैं गीता मां का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मेरी मां का सपना पूरा किया। मैं उन्हें निराश नहीं करूंगा और यह टाइटल जीतने के लिए यकीनन कड़ी मेहनत करूंगा। यह भी ख्वाहिश है, जो मैं अपनी मां के लिए पूरी करना चाहता हूं।' ऑडिशन के पहले राउंड के दौरान, टाइगर की मां ने बताया था कि टाइगर ने ऑडिशन में आने के लिए कपड़े मांग कर पहने थे। इस बार जब मलाइका उनसे मिली तो उन्हें सूट भी गिफ्ट किया। गुवाहाटी (असम) से आए अदनान अहमद ऐसे ही प्रतिभागी हैं। जिन्होंने ग्रैंड प्रीमियर में अपने एक्ट से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कोरियोग्राफर सुशांत के साथ अदनान ने *दिल दियां गल्लां* गाने पर परफॉर्म किया। इस गाने से अदनान खान ने बढ़िया स्कोर किया। उन्हें मलाइका की सहमति भी मिल गई। उनकी परफॉर्मेंस के बाद मलाइका ने कहा,'अदनान बहुत कूल हैं। सभी के चहेते ब्रो हैं। जब ये बातें करता है तो चलती ही रहती हैं। लेकिन सुशांत ने अपनी डांसिंग का अलग कॉमिक पक्ष दिखाया है। आप बहुत अच्छी तरह से घुल मिल गए हैं। मुझे यह बहुत अच्छा लगता है।' इसके अलावा अदनान का गैंग भी इस शो में था। जो खुद को वुल्फ्स बुलाते हैं। अदनान और उनके वुल्फ्स कलाकारों का उभरता ग्रुप है। जो रैप करते हैं। गाने गाते हैं और मिल कर धूम मचाते हैं। इस गैंग ऑफ वुल्फ्स को लेकर मलाइका ने कहा, 'वुल्फ्स ने माहौल बना दिया। हमने बहुत मस्ती की। आप लोगों को थ्री चीयर्स!' उन्हें मस्ती में झूमते हुए देख कर मलाइका ने भी इच्छा जताई कि काश उनका भी ऐसा कूल गैंग होता।

अलादीन और यास्मीन करने वाले हैं शादी

सोनी सब के *अलादीनःनाम तो सुना होगा* में जश्न होने वाला है। क्योंकि अलादीन (सिद्धार्थ निगम) और यास्मीन (अवनीत कौर) जल्द ही एक-दूसरे के हो जायेंगे। इसकी घोषणा खुद मल्लिका (देबीना बनर्जी) ने की। मल्लिका, बगदाद महल में यास्मीन की बुआ बनकर आयी है। उसने अपने शैतानी इरादों को अंजाम देने के लिये ऐसा किया है। मल्लिका को शक है कि अलादीन आम लड़का नहीं है। उसे लगता है कि वह जिन्न और जादुई कालीन का मालिक है। अलादीन के बारे में पता लगाने की कोशिश के दौरान यह जानकर हैरान हो जाते हैं कि मल्लिका ने अलादीन और यास्मीन की शादी तय कर दी है। बगदाद खुशी से झूम रहा है। अलास्मीरन की शानदार शादी की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। हर कोई उस महत्वकपूर्ण दिन की तैयारियों में जुटा है। दूसरी तरफ इसके पीछे मल्लिका की शैतानी चाल है। देबीना कहती हैं, 'मल्लिका शातिर और महत्वाकांक्षी महिला है। बगदाद में वह अपने इरादे को लेकर पूरी तरह स्पीष्ट है। उसे अनोखे खंजर की तलाश है। जो उसके पास सदियों पहले था। यह खंजर उससे छीन लिया गया था। उसने तय कर लिया है कि वह इस खंजर को ढूंढ कर रहेगी। यह उसकी उस खतरनाक योजना को अंजाम देने की पहली सीढ़ी होगी।' अलादीन का किरदार निभा रहे, सिद्धार्थ कहते हैं, 'बगदाद के बदलते माहौल को देखकर अलादीन को शक होता है लेकिन उसे मल्लिका के बारे में पता नहीं है। यास्मीन की भूली-बिसरी बुआ, शादी की घोषणा करती है। यह बात हैरान करने वाली होती है पर दोनों के लिये यह खुशी का पल होता है। पूरा बगदाद उनके लिये खुशियां मना रहा है। लेकिन आगे अलादीन के लिये बहुत चुनौती इंतजार कर रही है, जिसके बारे में वह बेखबर है।'



कुलदीप का बॉलीवुड डेब्यू

विघ्नहर्ता गणेश में प्रमुख भूमिकाएं निभा रहे आकांक्षा पुरी, मलखान सिंह और निष्कर्ष दीक्षित जैसे कलाकारों की परफॉर्मेंस व एक्टिंग स्किल्स सभी पसंद कर रहे हैं। इन्हें बहुत तारीफें मिल रही है। कुलदीप सिंह, जो शो में भगवान विष्णु का रोल निभा रहे हैं, ने अपनी एक्टिंग कुशलता से सभी को काफी इंप्रेस किया। टैलेंट के चलते उन्हें बॉलीवुड फिल्म में लीड रोल मिल गया। जिसका निर्माण गीतकार फैज़ अनवर कर रहे हैं। यह फिल्म गायक की जिंदगी पर आधारित है। जिसकी कहानी जुबिन नौटियाल से प्रेरित है। फिल्म की शूटिंग लखनऊ में होगी। इस रोल की तैयारी के लिए कुलदीप ने एक हफ्ता जुबिन के साथ बिताया ताकि उनकी जिंदगी के तौर-तरीके समझ सकें। साथ ही उनकी बॉडी लैंग्वेज और उनके एक्सप्रेशंस पर भी ध्यान दे सकें। कुलदीप सिंह ने कहा,'मुझे फिल्म में लीड रोल निभाने का मौका मिला है, जो सिंगर की जिंदगी पर आधारित है। मैं खुद म्यूज़िक का बड़ा फैन हूं। मैं जुबिन के साथ रहा। पूरा समय उन्हीं के हाव-भाव पर ध्यान दिया। उनके कंसर्ट और उनकी रिकॉर्डिंग में गया। यह भी देखा कि किस तरह खाते हैं और सारा दिन क्या करते हैं। यह मेरे लिए बड़ा मौका है। मैं यकीनन इसमें अपना शत-प्रतिशत देना चाहूंगा। अब मुझे शूटिंग शुरू करने का इंतजार है।'



ग्लोबल आर्टिस्ट बनी सयानी गुप्ता

सयानी गुप्ता अनोखे किरदार में नजर आने वाली है। सायानी ब्रिटश मेडिकल ड्रामा *द गुड कर्मा हॉस्पिटल* के ज़रिये इंटरनेशनल स्तर पर पहचान बनाने जा रहरी है। इस सीरीज़ में सायानी नर्स ज्योति के किरदार में नज़र आएंगी। जो एसिड हमले का शिकार होती है। सीरीज़ को 2018 में शूट किया गया था। इसमें कुछ ट्रैक हैं, जिनमें सयानी के चरित्र ज्योति का अनुसरण करता है। जिसे हमले के बाद सर्जरी और चिकित्सा प्रक्रिया के 17 चरणों से गुजरना पड़ता है। किस तरह खूबसूरत लड़की की ज़िन्दगी पीड़ा और दर्द में बदल जाती है। इसका सेट केरल के अस्पताल में है। तीन महीने में इसकी शूटिंग पूरी की गई थी। इस शो में अमांडा रेडमैन, जेम्स फ्लॉयड, नील मॉरिस, निम्मी हरसगामा सहित कई अन्य ब्रिटश कलाकार भी हैं।

सयानी गुप्ता कहती हैं- इस सीरीज़ के लिए मुझे कई ओडिशन्स देने पड़े। शुक्रगुजार हूं कि इस में जो किरदार किया है, वह हमेशा यादगार रहेगा। शूटिंग के दौरान जो ब्रिटश एवं श्रीलंनकन क्रू हमारे साथ काम कर रहे थे, वे सच मे लाजवाब थे। बहुत से सीन्स अमंडा रेडमेन और निम्मी हर्सगमा के साथ चित्रित किये गये। इन मंझे हुए लोगों से बहुत कुछ सीखने मिला। फिलिप जॉन और जॉन मॅकी ने इस सीरीज़ का निर्देशन किया। एसिड अटैक विक्टिम की वास्तविकता दिखाने के लिए सर्जिकल प्रोस्थेटिक्सकी मदद लेनी पड़ी। प्रोस्थेटिक के जीनियस डेव्ही जोनस और एवी का काम जरूर सराहा जाना चाहिए। मैंने जितने दिन शूट किया, मुझे हमेशा याद रहेंगे। मैं इनका शुक्रिया करती हूं।'



शीजान हुए आग-बबूला

सिनेमा जगत हो या हॉलीवुड, इस समय सिर्फ एक ही चीज़ का खौफ़ हर जगह देखने को मिल रहा है, वह है कोरोनो वायरस। हर कोई इस जानलेवा महामारी से सहम चुका है। सरकार ने इससे देश को बचाने के लिए दिशा निर्देश जारी किए है। जिनका आम नागरिक को सख्ती से पालन करने की अपील की है। लेकिन अभी भी कुछ लोग इस भयावह स्थिति को हल्के और मज़ाक के तौर पर ले रहे हैं। नियमो का उलंघन कर रहे हैं। *नज़र 2* एक्टर शीज़ान स्थिति को गंभीरता से लेने की गुज़ारिश की। साथ ही दिशा निर्देशों का पालन ना करने पर नाराज होते हुए वीडियो में अपना गुस्सा उतारा। उन्होंने कहा- 'सभी को स्थिति को गंभीरता से लेना शुरू करना चाहिए। यह मजाक नहीं चल रहा है।' उन्होंने व्यंग्यात्मक रूप से यह भी कहा- "कोरोनो वायरस से हमारा रिश्तेदार नहीं हमें बचाएगा। जो पड़ोसी के घर में घुस जायेगा। मान लीजिए हमको नहीं होता लेकिन हमारे द्वारा अन्य लोग को हो सकता है। प्लीज थोड़ा सीरियस होकर अपने साथ-साथ दूसरो के बारे में सोचे। सिर्फ थोड़ा सतर्क रहने की ज़रूरत है। ज़िम्मेदार नागरिक की तरह व्यवहार करने की जरूरत है। यह अपनी मानवता को दिखने का सही समय है।'